आकाशवाणी शिमला

27.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री–भेंट

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सी.आर.आई.एफ. के तहत प्रदेश की छैला –नेरीपुल –यशवंत नगर –ओछघाट सड़क के लिए सैद्धांतिक रूप से दो सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री से भेंट के दौरान प्रदेश में सड़कों व पुलों की मुरम्मत व रखरखाव के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने शिमला–मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फोरलेन के निर्माण के दौरान शिमला से शालाघाट और भघेड़ से हमीरपुर तक अधिक से अधिक सुरंग निर्माण का अनुरोध किया। उन्होंने पैकेज चार के तहत फोरलेन निर्माण लिए डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह भी किया। इस बीच मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु से भेंट कर कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए सहयोग और विशेष केंद्रीय सहायता देने का अनुरोध किया। उन्होंने शिमला हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन का समय बढ़ाकर दोपहर चार बजे तक निर्धारित करने की बात भी कही। इस दौरान केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए संबंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक कर डीपीआर तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सड़कों के निर्माण के साथ–साथ पैदल यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने पर बल दिया है। आज हमीरपुर स्थित एनआईटी में लोक निर्माण विभाग के इंजिनियरों के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। विक्रमादित्य सिंह ने इंजिनियरों को अपने–अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की आशंका वाले स्थानों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने को कहा। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रदेश में केंद्र से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण–4 के तहत धनराशि मंजूर हो गई है और इससे गांव में सड़कों का निर्माण सुनिश्चित होगा।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को कांगड़ा जिला में पेयजल व सिंचाई योजनाओं को समयबद्व पूरा करने के निर्देश दिए हैं। धर्मशाला में जल शक्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में पिछले तीन वर्षों में सबसे ज्यादा 3 सौ 54 पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई हैं इस पर करीब 3 हजार 2 सौ 40 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। अग्निहोत्री ने विभिन्न शहरों में कार्यान्वित की जा रही सीवरेज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के निर्माण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि फिन्ना सिंह मध्यम सिंचाई योजना के लिए 3 सौ करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों से बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर सुझाव पर भी विस्तार से चर्चा की।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और बीती रात से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूक कर बर्फबारी और निचले इलाकों में तेज हवाओं के साथ व्यापक वर्षा हो रही है। इस बर्फबारी व वर्षा से तापमान में गिरावट आई है और समूचा प्रदेश जबरदस्त शीतलहर की चपेट में है। चंबा ज़िला में बारिश व बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित है और ज़िले की 76 सड़कें बंद है जबकि 2 सौ 33 बिजली के ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने

खराब मौसम को देखते हुए अगले दो तीन दिन अनावश्यक यात्रा व ट्रैकिंग पर न जाने का लोगों से आग्रह किया है।

उधर जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति में लगातार बर्फबारी हो रही है। भारी हिमपात की चेतावनी को देखते हुए ज़िला प्रशासन ने ज़िले के सभी शिक्षण संस्थान कल 28 जनवरी को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस बीच भारी हिमपात के कारण मनाली से आगे सोलंगनाला तक केवल फोर–बाई–फोर वाहन ही जा पा रहे हैं। मनाली पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार धुंधी के समीप स्नो गैलरी में फंसे दो लोगों को रेस्कयू कर मनाली पहुंचाया गया है।

बैंक कर्मी हड़ताल

संयुक्त मोर्चा यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर देशभर में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल और प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में राजधानी शिमला व सोलन में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने जोरदार धरना–प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताया।

————————————